# बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र संख्या-कार्य०का०सू०-04/2018- 1281 – 1290 /वि०स० ।

प्रेषक,

**राजीव कुमार,**
उप सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

**माननीय सदस्यगण,**
बिहार विधान सभा, पटना
(माननीय मुख्य मंत्री/माननीय उप मुख्य मंत्री/माननीय मंत्रिगण सहित) ।

पटना, दिनांक- 27 फरवरी, 2018 ई० ।

महोदय / महोदया,

निदेशानुसार मुझे सूचित करना है कि दिनांक- 26 फरवरी, 2018 की बैठक में सभा द्वारा स्वीकृत कार्य-मंत्रणा समिति के प्रतिवेदन के अनुसार सत्र संबंधी कार्यक्रम अब निम्न रूप में लिए जायेंगे :-

1. वृहस्पतिवार, दिनांक 01 मार्च, 2018 को सभा की बैठक नहीं होगी;
2. सोमवार, दिनांक 05 मार्च, 2018 को सभा की बैठक 10.00 बजे पूर्वाह्न से होगी तथा वृहस्पतिवार, दिनांक 01 मार्च, 2018 के लिए निर्धारित प्रश्न (वर्ग-4) 10.00 बजे पूर्वाह्न से 11.00 बजे पूर्वाह्न तक लिये जायेगें;
3. सोमवार, दिनांक 05 मार्च, 2018 को वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श एवं सरकार के उत्तर के लिए 03 घंटे का समय निर्धारित होगी;
4. शेष कार्य यथावत रहेंगे ।

विश्वासभाजन,
27/2/18
**(राजीव कुमार)**
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-04/2018- 1281 – 1290 /वि०स०, पटना, दिनांक- 27 फरवरी, 2018 ई० ।

प्रतिलिपि:- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव / प्रधान सचिव, संसदीय कार्य विभाग / प्रधान सचिव, वित्त विभाग / महाधिवक्ता, बिहार / सचिव, बिहार विधान परिषद् एवं सरकार के समस्त विभागों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

27/2/18
**(राजीव कुमार)**
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-04/2018- 1281 – 1290 /वि०स०, पटना, दिनांक- 27 फरवरी, 2018 ई० ।

प्रतिलिपि:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / प्रशाखा पदाधिकारी, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

27/2/18
**(राजीव कुमार)**
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-04/2018- 1281 – 1290 /वि०स०, पटना, दिनांक- 27 फरवरी, 2018 ई० ।

प्रतिलिपि:- बिहार विधान सभा के उप सचिवगण / अवर सचिव, श्रव्य एवं दृश्य इकाई के सूचनार्थ प्रेषित ।

27/2/18
**(राजीव कुमार)**
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।
27/02/18

# षोडश

# बिहार विधान सभा

## नवम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि $\frac{\text{10 फाल्गुन, 1939 (श०)}}{\text{01 मार्च, 2018 (ई०)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 124**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 27 |
| (2) | नगर विकास एवं आवास विभाग | .. | .. | 34 |
| (3) | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 25 |
| (4) | कृषि विभाग | .. | .. | 10 |
| (5) | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | 16 |
| (6) | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | 06 |
| (7) | सहकारिता विभाग | .. | .. | 04 |
| (8) | विधि (धार्मिक न्यास) विभाग | .. | .. | 02 |
| | | | कुल योग — | 124 |

### सड़क बनाना

*205. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर प्रखंड के अमरपुर बाजार के बगल चनसार तालाब में छठ पर्व करने करीबन दो हजार श्रद्धालु आते हैं परन्तु सीढ़ी घाट तथा चारों तरफ सड़क का अभाव है जिससे वहाँ के आमजनों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त वर्णित तालाब के चारों तरफ सीढ़ी घाट एवं चारों तरफ सड़क की चौड़ाई 10 फीट कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण

*206. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के झंझारपुर नगर पंचायत क्षेत्र के आमलोगों को दाह संस्कार करने के लिये शवदाह गृह नहीं होने से भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार झंझारपुर नगर पंचायत में कमला नदी के तट पर कबतक विद्युत् शवदाह गृह बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### शवदाह गृह का निर्माण

*207. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के चक पंचायत के वार्ड नं0 2 में दह पोखर के पास शमशानघाट पर विगत 50 वर्षों से शवदाह किया जाता है परन्तु विद्युत् शवदाह नहीं होने से शव को दाह करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त शमशानघाट पर विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### फसल क्षति का भुगतान

*208. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2016 में मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट प्रखंड अन्तर्गत कोदई एवं राघोपुर ग्राम में 1,000 एकड़ की धान की फसल को आर्मी वर्म नामक कीट ने बर्बाद कर दिया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त फसल के नुकसान की रिपोर्ट तत्कालीन कृषि निदेशक, बिहार, पटना ने जाँचोपरान्त वर्ष 2016 के अक्टूबर माह में ही सरकार को सौंप दिया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि एक वर्ष बीत जाने के बावजूद प्रभावित किसानों को फसल क्षति का मुआवजा अभीतक नहीं मिल पाया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रभावित किसानों के फसल क्षति का भुगतान करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नगर पंचायत का दर्जा देना

*209. श्री मेवा लाल चौधरी --क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे बिहार राज्य में बिहार राज्य नगरपालिका अधिनियम 2006 की धारा 6 के अन्तर्गत अनुमंडल के समीप गाँवों एवं पंचायतों को नगर पंचायत का दर्जा देना निहित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर शहर को नगर पंचायत घोषित किये जाने का प्रस्ताव अनुमंडल पदाधिकारी के पत्रांक 2059, दिनांक 7 नवम्बर, 2017 को जिलाधिकारी, मुंगेर को समर्पित किया जा चुका है जो नगरपालिका अधिनियम, 2006 की धारा 7 (IV) के सभी शर्तों को पूरा करता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तारापुर शहर को नगर पंचायत का दर्जा देना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति करना

*210. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के पकरीबरावाँ प्रखंड अन्तर्गत धमौल बाजार में दो वर्षों से सोलर पम्प द्वारा वाटर सप्लाई किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त पम्प द्वारा धमौल बाजार के केवल मुख्य गली में ही वाटर सप्लाई किया जा रहा है तथा पूरा बाजार इससे वंचित है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक पूरे बाजार में वाटर सप्लाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण हटाना

*211. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखंड रामगढ़वा के सकरार पंचायत में अवस्थित मुशहरी सरकारी परती जमीन का दो एकड़ से अधिक जमीन पर कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा खेती करने के रूप में अतिक्रमण कर लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अतिक्रमित की गई सरकारी परती जमीन को दखल-कब्जा दिखाकर भू-माफियों द्वारा बिक्री की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकारी भूमि का पैमाईस कराकर भू-माफियों से जमीन का अतिक्रमण हटाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*212. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर नगर परिषद् क्षेत्राधीन दुर्गा पैलेस के निकट से भाया सीता सिन्हा के घर होते हुये मुख्य सड़क तक सड़क एवं नाला काफी जर्जर हालत में है जबकि उक्त सड़क एवं नाला का निर्माण हेतु विभागीय स्वीकृति एवं राशि 31 जनवरी, 2014 को ही मिल चुकी है इसके बावजूद आजतक निर्माण कार्य नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क एवं नाला का निर्माण कार्य करने में लापरवाही बरतने वाले के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

*213. डॉ0 मुहम्मद जावेद--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पैक्स द्वारा धान अधिप्राप्ति 15 नवम्बर से शुरू होने की प्रक्रिया होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में धान अधिप्राप्ति अबतक शुरू नहीं होने के कारण किसानों में हाहाकार है, जिसके कारण किसान बिचौलिए के पास धान बेचने को मजबूर हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पैक्सों द्वारा किसानों से धान नहीं खरीदने की जाँच का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

मुक्त कराना

*214. श्री श्याम रजक--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दीघा थाना संख्या 1 की 1024.56 एकड़ भूमि का अधिग्रहण वर्ष 1974 में हुआ था, परन्तु अधिग्रहण के 43 वर्ष उपरान्त भी लक्षित उद्देश्य हेतु भूमि का उपयोग नहीं हुआ है तथा किसानों को मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सी0आर0पी0एफ0 एवं सी0पी0डब्लू0डी0 को आवंटित भूमि का मुआवजा भी संबंधित किसान को भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2013 में पारित कानून के अनुसार 5 वर्ष में अधिग्रहण का लक्ष्य पूरा नहीं होने व मुआवजा नहीं दिये जाने पर भूमि अधिग्रहण से मुक्त मानी जाएगी ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भूमि को अधिग्रहण से मुक्त करने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

जीर्णोद्धार करना

*215. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बरौनी प्रखण्ड के बभनगामा पंचायत स्थित पशु चिकित्सा केन्द्र रूग्ण व मृतप्राय अवस्था में होने के कारण यहाँ के पशुपालकों को पशु चिकित्सा का कोई लाभ नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पशु चिकित्सा केन्द्र का कबतक जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

मुक्ति दिलाना

*216. श्री (डॉ0) रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत नगर निगम वार्ड नं0-2 में एम0 एस0 मेमोरियल स्कूल से राजीव नगर की ओर जानेवाली नहर की उड़ाही नहीं होने के चलते आवासीय क्षेत्रों में जल-जमाव रहता है, जिससे आम-जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नहर (पईन) में पक्का नाला का निर्माण कराकर जल-जमाव से मुक्ति दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दखल कब्जा दिलाना

*217. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला अन्तर्गत गौनाहा प्रखण्ड के ग्राम-मंगुराहा में बिहार सरकार द्वारा वर्ष 1991 में दलित भूमिहीन चन्द्रदेव राम एवं स्व0 सुखदेव राम को 58 डीसमील एवं 50 डीसमील जमीन का भूदान के तहत पर्चा दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जमीन का वर्ष 1991 से लगातार अबतक रसीद पर्चाधारी के नाम से काटा गया है एवं जमीन की मापी भी की गई थी, लेकिन दखल-कब्जा अबतक नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पर्चाधारी के परिजनों को जमीन का दखल-कब्जा दिलाने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बताना

*218. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने चार वर्षों से पदस्थापित कृषि समन्वयकों की सेवा कृषि निदेशालय के आदेश संख्या 35, दिनांक 8 जनवरी, 2018 द्वारा समाप्त कर दी है, जबकि विभाग में रिक्तियाँ उपलब्ध है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

जलापूर्ति करना

*219. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत ग्रामीण जलापूर्ति योजना, नगरा एवं ग्रामीण जलापूर्ति योजना, विक्रमपुर की जलापूर्ति व्यवस्था जर्जर हो चुकी है तथा जलमीनार से आंशिक क्षेत्र ही आच्छादित है, यदि हाँ तो सरकार दोनों ग्रामीण जलापूर्ति योजना का कबतक पुनरोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

क्रय-विक्रय केन्द्र बनाना

*220. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में गठिया मगही पान का न्यूनतम मूल्य तय नहीं किये जाने एवं जिला स्तर पर सरकारी क्रय-विक्रय केन्द्र नहीं रहने के कारण पान कृषकों को आर्थिक क्षति होती है, यदि हाँ, तो सरकार पान के न्यूनतम मूल्य निर्धारित करने के साथ सरकारी क्रय-विक्रय केन्द्र खोले जाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*221. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत महनार नगर पंचायत के वार्ड नं० 17, 18, 19 बजरंगबली चौक, देसराजपुर से बंशी महतों के पोखर तक एवं वार्ड 17 कालीस्थान से ओमप्रकाश दास के घर तक सड़क जर्जर है, जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क के निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि उपलब्ध कराना

*222. श्री (मो०) नवाज आलम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, आरा में अनुरक्षण एवं मरम्मती कार्य का पैसा इस वर्ष नहीं दिया गया है, जिससे ग्रामीण जलापूर्ति एवं शहरी जलापूर्ति में चापाकल मरम्मती कार्य पूरी तरह रूक गया है, यदि हाँ, तो सरकार लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, आरा को राशि उपलब्ध कराकर कबतक कार्य को प्रारम्भ कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जमीन उपलब्ध कराना

*223. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत अंचल आलमनगर के अधीन ग्राम खुरहान मिलिक के बसदेवा मुशहरी, ग्राम बसनवाड़ा अन्तर्गत दक्षिणवारी मुशहरी, पश्चिमवारी मुशहरी, नया भागलपुर टोला मुशहरी एवं ग्राम खापुर गोठ, खापुर पी०डब्लू०डी० पर रहनेवाले वासविहीन महादलित परिवार को अभीतक पाँच डीसमील जमीन वास हेतु नहीं मिल पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त गाँवों के वासविहीन परिवारों का अभीतक सर्वेक्षण नहीं हो पाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त ग्रामों का सर्वेक्षण कराकर वासविहीन महादलित परिवारों को 5 डीसमील जमीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण

*224. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोहनपुर प्रखण्ड के सरारी पंचायत के सरारी घाट में विद्युत् शवदाह गृह नहीं रहने के कारण शव को दहन करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार सरारी घाट पर विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वच्छ बनाना

*225. श्री (डॉ०) सी०एन० गुप्ता--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिलान्तर्गत छपरा नगर निगम में सरकारी बस पड़ाव के सामने स्थित जिला स्कूल के खेल मैदान में जल-जमाव, जलकुंभी एवं कूड़ा-कचड़ा से भरा पड़ा है जबकि विगत दस वर्षों पूर्व उक्त मैदान में खेल-कूद एवं सभाओं का आयोजन किया जाता था, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मैदान को कबतक जल-जमाव, जलकुंभी एवं कचड़ा-कूड़ा से मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार करना

*226. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बेनीपुर नगर परिषद् के आशापुर में विभाग का निरीक्षण भवन पिछले 15 सालों से अत्यंत जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त भवन का कबतक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

लाभ देना

*227. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड में विगत 7 वर्षों से प्रखंड कृषि पदा० का पद रिक्त रहने से विभागीय योजनाओं का ससमय कार्यान्वयन एवं उचित लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में कृषि पदाधिकारी का कबतक पदस्थापन कर कृषि योजानाओं का लाभ किसानों को देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पशु चिकित्सालय का निर्माण

*228. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया प्रखंड के चन्द्रदेई पंचायत, रामपुर कोजरकट्टी पंचायत एवं रामपुर मोहनपुर पूर्वी पंचायत में पशु चिकित्सालय नहीं है, जिसके कारण पशुपालकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त पंचायतों में कबतक पशु चिकित्सालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रयोगशाला का निर्माण

*229. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत लौरिया प्रखण्ड मुख्यालय में एन०आई०ई०पी० योजना मद की 8 लाख रुपये की लागत से सन् 2009 में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला का निर्माण कराया गया है, जिसे कृषि विभाग का गोदाम बना दिया गया यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

औचित्य बताना

*230. श्री सुधांशु शेखर--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिले के गुरारू प्रखण्ड के गुरारू बाजार में वर्ष 2006 में हर घर तक पाइप से पानी पहुँचाने की योजना बनी थी पर आजतक कहीं भी पानी नहीं पहुँचा एवं भुगतान भी कार्य का हो गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

जलापूर्ति करना

*231. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखण्ड के मझियावां पंचायत में मिनी जलापूर्ति योजना का बोरिंग की गहराई कम होने के कारण जलापूर्ति ठप्प है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत को पठारी एरिया होने के कारण पेयजल की समस्या बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में मिनी जलापूर्ति की बोरिंग की गहराई बढ़ाकर जलापूर्ति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बताना

*232. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पटना शहर स्थित वार्ड नं० 22ए, मखदुमपुर बगीचा स्थित गेट नं० 89 के सामने गाँधी मैदान दीघा मुख्य सड़क से 200 मीटर लम्बी 5 मीटर चौड़ी गली राजीव नगर को जोड़ती है; जिसे अब बंद कर दिया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

चापाकल की मरम्मती

*233. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर विधान सभा क्षेत्र में पिछले पाँच वर्ष पूर्व शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु चापाकल लगाये गये थे जो बंद पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक चापाकलों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*234. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय, मनिहारी में 2 पशु चिकित्सक के स्थान पर 1, पशुधन सहायक के 2 पद के स्थान पर 1 ही पदस्थापित है तथा ड्रेसर और पिऊन का 1-1 पद रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में रिक्त पदों पर पदस्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा देना

*235. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार सहित बेगूसराय जिला के भगवानपुर, बछवाड़ा एवं मंसूरचक प्रखंडों में गरीबी रेखा से नीचे के 50% उपभोक्ताओं को राशन कार्ड नहीं रहने के कारण न तो उन्हें खाद्यान्न सुरक्षा का लाभ मिल रहा है और न ही किरासन तेल की सुविधा प्राप्त हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार सर्वेक्षण कराते हुये उक्त प्रखंडों में राशन एवं किरासन की सुविधा देने का विचार रखती है ?

--------

दण्डित करना

*236. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के रामगढ़ प्रखंड के बरौड़ा और नुवॉव प्रखंड का करमहरी मिनी जल आपूर्ति योजना का निर्माण वर्ष 2016-17 में कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि पम्प जमीन पर ऊपर बिछा दिया गया है तथा प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना का जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों को दण्डित कर नये सिरे से काम कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दखल कब्जा दिलाना

*237. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखंड गोरेयाकोठी के खुलासा में 51 दलितों को 1975-76 में बन्दोबस्ती भूमि पर्चा दी गयी तथा सिसई के 7 दलितों को भी बन्दोबस्ती भूमि पर्चा दी गयी जो आजतक पर्चाधारियों को भूमि दखल-कब्जा नहीं करायी गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बन्दोबस्ती भूमि पर्चाधारियों को कब्जा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलमीनार का निर्माण

*238. श्री (डॉ०) राजेश कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के सरोतर पंचायत की आबादी 20 हजार से अधिक है, लेकिन जलमीनार नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार सरोतर पंचायत में जलमीनार का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

लक्ष्य प्राप्त करना

*239. श्री श्याम रजक--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 18 दिसम्बर, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''किसान समूहों का निबंधन शुरू'' के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिक्किम के ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन एजेन्सी से बिहार के किसानों को जैविक खेती का प्रमाण-पत्र दिलाने का निर्णय किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार में 2008 में प्रत्येक जिले में जैविक ग्राम बनाने का निर्णय लिया गया था, परन्तु जैविक कौरिडोर के तहत इस वर्ष मात्र 2000 एकड़ में प्रमाणीकरण का लक्ष्य निर्धारण किया गया है, यदि हाँ, तो सम्पूर्ण राज्य में जैविक खेती का लक्ष्य प्राप्त होने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---------

सरकारी मेला का दर्जा

*240. श्री राजू तिवारी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के अरेराज प्रखंड में सोमेश्वर नाथ मंदिर में 100 वर्ष पूर्व से सावन एवं भादो माह में वृहद् पैमाने पर श्रद्धालुओं का मेला लगता है तथा उक्त स्थल पर उत्सव का माहौल लगातार दो माह तक बना रहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मेला में सरकार की ओर से कोई व्यवस्था नहीं रहने के कारण मेला में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मेला का सरकारी मेला का दर्जा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सफाई कराना

*241. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड अन्तर्गत जनकपुर रोड, पुपरी नगर पंचायत के अधीन प्राचीन काल से हिन्दुओं के पवित्र नागेश्वर स्थान मंदिर के परिसर में नगर पंचायत द्वारा शहर का सारा कचरा जमा कराया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त परिसर की सफाई कराते हुये अन्यत्र स्थान पर कचरा गिराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

जलापूर्ति करना

*242. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड मुख्यालय में विभाग के द्वारा निर्मित पानी टंकी अवस्थित है, परन्तु पेयजल आपूर्ति हेतु आधा-अधूरा पाइप बिछा हुआ है, जिससे वहाँ की जनता को पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सही ढ़ग से पाइप बिछाकर आमलोगों को जल आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*243. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती अंचल के मौजा-बारा, खाता संख्या 141, खेसरा संख्या 507, 508 एवं 1253 थाना संख्या 152, रकबा 1.26 डीसमील मोस्मात यशोदा देवी, पति मथुरा प्रसाद भगत के नाम से दर्ज है;

(2) क्या यह बात सही है कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा वर्ष 2016 में उक्त जमीन का मालिकाना हक सामान हिस्सों में प्लीडर कमिश्नर को बहाल कर विभाजित करने का आदेश दिया था परन्तु अंचलाधिकारी, पीरपैंती ने उक्त आदेश का उल्लंघन कर बिना प्लीडर कमिश्नर बहाल किये हुये एक पक्ष को उक्त जमीन का सड़क से सटे आगे का भू-भाग म्यूटेशन कर दिया है, यदि हाँ, तो आदेश के अनुरूप सरकार कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*244. श्री लालबाबू प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के रहुई प्रखंड के ग्राम पंचायत रहुई अन्तर्गत ग्राम-रहीमपुर में श्री महेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा अपने घर के दक्षिण तरफ मुख्य कच्ची पथ का तीन फीट आगे बढ़कर छड़ का पायलिंग तथा पूरब तरफ लगभग छः फीट आगे बढ़कर शौचालय का टंकी बनाकर दीवाल से घेरकर अगस्त, 2016 से अतिक्रमण कर लिये जाने के चलते ग्राम के मध्य, उत्तर तथा पूरब टोला सहित अन्य दर्जनों ग्रामों में तिपहिया एवं चारपहिया वाहनों का आवागमन पिछले डेढ़ वर्षों से पूर्णतः बन्द है, जिससे आमजनों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ को अतिक्रमण मुक्त कराकर आवागमन सुचारू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पानी का व्यवस्था करना

*245. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी विधान सभा क्षेत्र के प्रखण्ड नौहट्टा के पंचायत–यदुनाथपुर, उल्ली बनाही में शुद्ध पेयजल का घोर अभाव है, यदि हाँ, तो सरकार नोहट्टा प्रखण्ड के उक्त दोनों पंचायतों में सात निश्चय के तहत कबतक जलमीनार/पानी टंकी बनवाकर पीने के पानी की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

किस्तों का भुगतान

*246. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड नगर पंचायत में मलिन नदी योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2012-13 में 400 सेप्टी टंकी शौचालय का निर्माण किया गया है, जिसमें 325 लाभार्थियों को 43,000 रु० में 25,000 रु० की प्रथम किस्त का भुगतान हो गया है और शेष लाभार्थियों का प्रथम किस्त का भुगतान अबतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार 325 लाभार्थियों को द्वितीय किस्त एवं शेष लाभार्थियों को प्रथम एवं द्वितीय किस्त का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---------

पशु चिकित्सालय का निर्माण

*247. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खुटौना प्रखण्ड के बीरपुर ललमनिया पंचायत में परसाही पूर्वी पंचायत के बलानपट्टी एवं चक्रदह पंचायत, मझौड़ा में पशु चिकित्सालय नहीं रहने के कारण 15 हजार पशु पालकों को पशुओं की चिकित्सा कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर पशु चिकित्सालय खोलने का विचार रखती है ?

-----------

विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण

*248. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया नगर परिषद् क्षेत्र में एक भी विद्युत् शवदाह गृह नहीं रहने के कारण क्षेत्र के लोगों को शवदाह में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, खासकर बरसात के दिनों में आमजन को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त क्षेत्र में विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### पशु चिकित्सा पदा० की नियुक्ति

*249. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधमन प्रखण्ड के प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय, कोचाधमन में प्रखण्ड पशुपालन पदा० एवं भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदा० का पद रिक्त रहने के कारण प्रखण्ड के पशुपालकों को बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय, कोचाधाम में प्रखण्ड पशु पालन पदा० एवं भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदा० के रिक्त पदों को कबतक भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

### कार्य पूर्ण कराना

*250. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत गोराडीह प्रखण्ड अन्तर्गत नदियामा ग्राम पंचायत के ग्राम-जयखुट में मिनी जलापूर्ति योजना अन्तर्गत 2014 में ही कार्य प्रारम्भ किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त योजना अन्तर्गत बोरिंग का कार्य तथा भवन निर्माण कार्य किया जा चुका है;

(3) क्या यह बात सही है कि पिछले चार वर्षों से संवेदक द्वारा शेष कार्य यथा पाइप बिछाने और सोलर प्लेट लगाने का कार्य अभीतक नहीं किया गया है, फलस्वरूप इस योजना का लाभ आम जनता को नहीं मिल पा रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इस योजना को सरकार कबतक पूर्ण करान का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

### कार्रवाई करना

*251. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के बहादुरगंज, टेढ़ागाछ सहित अन्य प्रखण्डों में 2 अक्तूबर, 2014 से 2 जून, 2016 तक निर्मल स्वच्छता योजनान्तर्गत 1200 (बारह सौ) शौचालय का निर्माण कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त शौचालय में भारी पैमाने पर धांधली की गयी है, जिसमें रजिस्टर में लाभुक का नाम शौचालय निर्माण की जगह दर्ज है, लेकिन निदेशक डी०आर०डी०ए० द्वारा स्थलीय जाँच में स्पष्ट हुआ है कि उक्त स्थान पर शौचालय का निर्माण नहीं किया गया है, जबकि शौचालय के नाम पर दस हजार रुपया का उठाव कर लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिलों में शौचालय निर्माण में धांधली करनेवाले संवेदक एवं दोषी पदाधिकारी/कर्मचारी पर कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

### अतिक्रमण मुक्त कराना

*252. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गिधवास का जमीन अगल-बगल के दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे जमीन के अभाव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नये भवन का निर्माण कराने में बाधा उत्पन्न हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा देना

*253. श्रीमती प्रेमा चौधरी– क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जनवरी, 2017 में वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के चाँदपुर फतह पंचायत में ओलावृष्टि होने के कारण किसानों का फलस बर्बाद हो गया था तथा प्रभावित किसानों को फसल क्षति का मुआवजा अभीतक नहीं मिला है, यदि हाँ, तो क्या सरकार प्रभावित कृषकों को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क एवं नाला का निर्माण

*254. श्री व्यासदेव प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दीघा विधान सभा के सरिस्ताबाद मुहल्ले के आजाद पथ लेन D सुशील राय के मकान से कपिलदेव भवन होते हुये अर्जुन मंडल के मकान तक सड़क कच्ची एवं जर्जर है तथा नाला के अभाव में जल-जमाव होता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक पक्कीकरण के साथ-साथ नाला निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कचरा निस्तारण कराना

*255. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्तमान में नगर निगम, बेगूसराय के पास LAND FIll SITE नहीं रहने के कारण शहर से निकलने वाले कचरे को रोड के किनारे ही डम्प किये जाने के कारण शहर के चारो ओर नारकीय स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार LAND FIll SITE की व्यवस्था कर कबतक कचरा निस्तारण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

अतिक्रमण हटाना

*256. डॉ0 मुहम्मद जावेद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज शहर के बीचो-बीच आलमगंज हाट कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमित कर लिया गया है, जिसके कारण हाट सड़क पर लगती है एवं आवागमन ठप्प हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार आलमगंज हाट से कबतक अतिक्रमण हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन निर्माण करना

*257. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा एवं नगरा में प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय में भवन नहीं है, जिसके कारण कर्मचारी एवं पशु चिकित्सकों को कार्य करने में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखण्डों में पशु चिकित्सालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराना

*258. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तगत बैरिया अंचल अंतर्गतभितहां गाँव स्थित छठ घाट की अतिक्रमित भूमि को खाली करने का आदेश अंचलाधिकारी, बैरिया ने अपने ज्ञापांक 260, दिनांक 16 नवम्बर, 2017 द्वारा दिया है, जिसका अनुपालन जनवरी, 2018 तक नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अतिक्रमित छठ घाट की भूमि को कबतक खाली कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अतिक्रमण से मुक्त कराना

*259. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के बिहारीगंज प्रखंड अन्तर्गत शेखपुरा पंचायत में मौजा शेखपुरा के खाता संख्या 294, खेसरा 80 तथा 81, रकवा 88 डीसमील की सरकारी जमीन पर स्थानीय दबंगों द्वारा अतिक्रमण कर उसपर पक्का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सरकारी भूमि को कबतक अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्यान्वयन करना

*260. श्री तार किशोर प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि हिन्दू धर्म पद्धति से मृतकों के दाह-संस्कार हेतु श्मशान घाट सरकार द्वारा चिह्नित नहीं किये जाने के कारण लोगों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो इसके कार्यान्वयन हेतु सरकार की क्या योजना है ?

-------------

मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं धर्मशाला निर्माण

*261. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, विधि (धार्मिक न्यास) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखण्डान्तर्गत कपिलेश्वर स्थान स्थित वर्षों पुराना मंदिर में दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मंदिर एवं परिसर का सौन्दर्यीकरण एवं धर्मशाला निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदाधिकारी का पदस्थापन

*262. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट के प्रखण्ड कुचायकोट में आपूर्ति पदाधिकारी का पद विगत दो वर्षों से रिक्त होने के कारण उपभोक्ताओं को ससमय खाद्यान्न उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार रिक्त पड़े उक्त पद पर पदाधिकारी का पदस्थापन कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क बनवाना

*263. श्री फैसल रहमान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत ढाका नगर परिषद् के मधुरी चौक से लहन ढाका स्कूल तक की रोड काफी जर्जर स्थिति में है, जिससे आम जनता को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

-----------

शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना

*264. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखण्ड के बुचियाँ, बरहीमा, अमरपुरा तथा बैकुण्ठपुर के सिरसा मानपुर, गम्हारी गाँवों में आयरन प्रभावित होने के कारण पेयजल दूषित हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त गाँवों में शुद्ध पेयजल कबतक उपलब्ध कराने हेतु योजना लागू करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

-----------

पेयजल की आपूर्ति

*265. श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बौंसी प्रखण्ड के दलिया पंचायत के सुखनिया जलमीनार से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति प्रारम्भ नहीं किया गया है, जिसके कारण आमजन को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जलमीनार से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति प्रारम्भ कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

-----------

विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण

*266. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी प्रखण्ड के बुलगानीन घाट पर शव को दहन करने के लिये विद्युत् शवदाह गृह नहीं रहने के कारण शव को दहन करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त घाट पर विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा का भुगतान

*267. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखण्ड के किसानों को वर्ष 2015 से ही फसल क्षति के मुआवजे का भुगतान नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड के किसानों को कबतक बकाये मुआवजे का भुगतान करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

नियुक्ति करना

*268. श्री कुमार सर्वजीत--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 दिसम्बर, 2017 को प्रकाशित ''पशुपालन विभाग में 900 बहाली अटकी'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग में आउट सोर्स से 900 (नौ सौ) पदों पर चतुर्थ कर्मियों की नियुक्ति का मामला अटकी हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना उच्च न्यायालय में 20 सितम्बर, 2017 में न्यायालय द्वारा याचिका सुनवाई करते हुये विभाग में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के खाली पदों पर नई नियुक्ति जल्द करने का आदेश दिया गया है, लेकिन आजतक नियुक्ति नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में पशुपालन विभाग में 900 (नौ सौ) पदों पर चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को कबतक नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

जलमीनार चालू करना

*269. श्री हेम नारायण साह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखंड महाराजगंज में शहर के बीचो-बीच स्थित जलमीनार विगत दो वर्षों से बंद है, जिसके कारण वहाँ जलापूर्ति ठप्प है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जलमीनार को कबतक चालू करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

-----------

दोषी को दण्डित करना

*270. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखण्ड लकड़ी नवीगंज के खवासपुर पंचायत के पुराने शौचालय को नया दिखाकर 89 लाभुकों को चेक दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि नियमानुसार नया शौचालय के लाभुक को चेक द्वारा भुगतान करनी है लेकिन पुराने शौचालय को नया दिखाकर भुगतान किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार खवासपुर पंचायत के शौचालय की जाँच करवाकर दोषी को दण्डित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रमाण-पत्र दिलाना

*271. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दानापुर अंचल के अधीन वार्ड नं० 21 झाकड़ी महादेव दानापुर हरिजन कॉलोनी के खेसरा नं० 408, 409, 410 एवं 411 की बंदोबस्ती हेतु अंचलाधिकारी दानापुर ने अपने पत्रांक 1137, दिनांक 12 अप्रैल, 2017 के द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद्, दानापुर से अनापत्ति प्रमाण-पत्र नगर निर्गत करने हेतु अनुरोध किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनापत्ति प्रमाण-पत्र नगर परिषद् दानापुर से निर्गत नहीं होने के कारण झाकड़ी महादेव, दानापुर हरिजन कॉलोनी के बासिंदे को वहाँ के मूल निवासी का प्रमाण-पत्र नहीं हो रहा है, जिसके चलते वहां के निवासियों को काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कॉलोनी के खेसरा नं० 408, 409, 410 एवं 411 से संबंधित प्रमाण-पत्र निर्गत करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*272. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मोतीपुर प्रखण्ड के पंचायत कल्याणपुर हरौना के ग्राम-सेन्दुआरी गजसिंह महादलित बस्ती में ग्रामीण सड़क पहुँच पथ के निर्माण हेतु अंचलाधिकारी, मोतीपुर को विगत पाँच वर्षो से महादलित बस्ती के ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिया गया है, परन्तु अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

औचित्य बताना

*273. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में तुर्की प्रखण्ड मुख्यालय में निर्मित जल-मीनार से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

मूल्य का निर्धारण

*274. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला सहित कोसी प्रमण्डल में मक्का की खेती सर्वाधिक होती है और जूट के बाद लगभग एक लाख मैट्रिक टन किसानों का मक्का का क्रय-विक्रय गुलाबबाग कृषि उत्पादन बाजार समिति में होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यहाँ के किसान मक्का को बेचने के लिये दूसरे राज्यों के व्यापारी द्वारा निर्धारित दामों पर निर्भर है और अपनी उपज कम दाम पर बेचने को मजबूर है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा मक्का खरीद की कोई व्यवस्था नहीं है और न ही मक्का का कोई समर्थन मूल्य निर्धारित है और न ही मक्का आधारित कोई इंडस्ट्रीज है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिले में मक्का खरीद की व्यवस्था एवं समर्थन मूल्य का निर्धारण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

चहारदीवारी का निर्माण

*275. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, विधि (धार्मिक न्यास) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड के बसैठी पंचायत में स्थित प्राचीन शिव मंदिर का अबतक चहारदीवारी निर्माण नहीं कराया गया है, जबकि मंदिर धार्मिक न्यास में निबंधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राचीन शिव मंदिर बसैठी के चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डस्टबीन लगाना

*276. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला मुख्यालय स्थित नगर परिषद् बेतिया के स्टेशन चौक से लेकर लाल बाजार तक तथा चौक-चौराहों पर सार्वजनिक डस्टबीन नहीं रहने के कारण सड़कों पर कूड़ा फेंका जाता है, यदि हाँ, तो सरकार नगर परिषद् बेतिया के वर्णित स्थल पर कबतक डस्टबीन लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जमीन उपलब्ध कराना

*277. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला में एक दशक पूर्व केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिये भारत सरकार से मंजूरी मिली थी और मौजूदा समय में यह विद्यालय शहर के दरोगा प्रसाद महाविद्यालय में चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय को अपना भवन नहीं रहने के कारण केन्द्र की मान्यता समाप्त होने का खतरा उत्पन्न हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त केन्द्रीय विद्यालय के लिये जमीन उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

गुणवत्ता की जाँच

*278. श्री जय वर्धन यादव उर्फ बच्चा यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दुल्हिन बाजार प्रखंड के 14 पंचायतों में वर्ष 2015-16 में मुख्यमंत्री चापाकल योजना अन्तर्गत प्रत्येक पंचायत में पाँच-पाँच चापाकल लगाने की योजना थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों में जो भी चापाकल संवेदक द्वारा लगाये गये हैं, उसमें स्वीकृत मापदंड के अनुसार कार्य नहीं किया गया है जिसके कारण अधिकतर चापाकल मृतप्राय हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार संवेदक द्वारा गाड़े गये चापाकलों एवं निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्ट्रीट लाइट लगाना

*279. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड अन्तर्गत जनकपुर रोड, पुपरी नगर पंचायत के अधीन कुल 11 वार्डों में स्ट्रीट लाइट नहीं लगने के कारण उक्त मोहल्लों में अंधेरा रहता है, जिससे लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वार्डों में स्ट्रीट लाइट कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*280. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर पंचायत शेरघाटी में लोदीशहीद मोड़ से पशु मेला होकर सामुदायिक भवन के पास से होते हुये बुढ़िया नदी तक नाला नहीं रहने से मुहल्ले में जल-जमाव की समस्या बनी रहती है एवं लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त वर्णित स्थानों पर कबतक नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क और नाला का निर्माण

*281. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नगर परिषद् समस्तीपुर के चकनूर रोड से भाया मो० मोईन (लकड़ी वाले) के घर होते हुये हाजी मो० अंजार के घर तक सड़क एवं नाला नहीं होने से खासकर बरसात के दिनों में आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क-सह-नाला का निर्माण कार्य कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् शवदाह गृह को चालू करना

*282. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिये विद्युत् शवदाह गृह की व्यवस्था नगर क्षेत्रों में की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लकड़ी दुकानदारों की मिलीभगत से पटना नगर के खाजेकलां, गुलबीघाट एवं बांसघाट स्थित विद्युत् शवदाह गृह सहित राज्य के सभी विद्युत् शवदाह गृहों को खराब कर दिया गया है, जिसके कारण गरीब परिवार शवों को कभी-कभी बिना जलाये ही प्रवाहित करने के लिये विवश हो जाते हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना नगर क्षेत्र के विद्युत् शवदाह गृहों के साथ-साथ राज्य के सारे विद्युत् शवदाह गृहों को चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### पशु चिकित्सालय का निर्माण

*283. श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के कटोरिया प्रखण्ड में पशु चिकित्सालय नहीं रहने के कारण वहाँ पशुपालकों को बीमार पशुओं के इलाज में कठिनाई हो रही है तथा इलाज के अभाव में पशु मर रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार कटोरिया प्रखण्ड में पशु चिकित्सालय का स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### औचित्य बताना

*284. श्री (डॉ०) आशोक कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा प्रखंड मुख्यालय में ई०-किसान भवन का निर्माण लगभग तीन वर्षों से अधिक समय पहले हो चुका है, परन्तु उक्त भवन का आजतक विधिवत् उद्घाटन नहीं होने के कारण भवन का किसानों के हित में उपयोग नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

### प्रतिनियुक्ति करना

*285. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत तरारी प्रखंड में अंचलाधिकारी की स्थायी प्रतिनियुक्ति नहीं होने से वहाँ का विकास कार्य प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार तरारी प्रखंड में कबतक स्थायी अंचलाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

*286. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखण्ड मुख्यालय में 2 लाख गैलन क्षमता वाली पानी टंकी का निर्माण कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पानी टंकी ग्राम पंचायत राज नौतन पश्चिमी में पड़ता है जिससे उस पंचायत का पाण्डेय टोला, बैरागी का मठ एवं संतपुर गाँव भी पाइप लाइन से जोड़ना था जिसे नहीं जोड़ा जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (2) के वर्णित टोलों में पाइप लाइन बिछाकर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*287. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अन्तर्गत एम0 ओ0 का पद वर्षों से रिक्त है, जिससे वहाँ के उपभोक्ता को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार परिहार एवं सोनबरसा प्रखंड में कबतक एम0ओ0 की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*288. श्री वीरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पूसा प्रखण्ड के मौजा अख्तियारपुर चन्दौली थाना नं0 46 चादर नं0 01 पुराना (डिजीटल में स्पष्ट) में खेसरा संख्या 1598 दो जगह दर्ज है और अलग-अलग व्यक्तियों के दखल-कब्जे में हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि खेसरा संख्या 1592 शुवेलाल राय के दखल-कब्जे में है तथा खेसरा संख्या 1598 भी शुवेलाल राय द्वारा आवासित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो एक ही खेसरा संख्या 1598 का दो भूखण्ड होने का क्या औचित्य है ?

---

पानी की व्यवस्था

*289. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी विधान सभा क्षेत्र के प्रखण्ड नौहट्टा के पंचायत तिऊरा में शुद्ध पेयजल का घोर अभाव है, यदि हाँ, तो सरकार नौहट्टा प्रखण्ड के उक्त पंचायत में सात निश्चय के तहत कबतक जलमीनार/पानी टंकी बनवाकर पीने के पानी की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पार्क निर्माण कराना

*290. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर पंचायत शेरघाटी में बच्चों के मनोरंजन के लिए कोई पार्क नहीं रहने से बच्चों को खेलने-कूदने एवं घुमने-फिरने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार नगर पंचायत शेरघाटी में कबतक पार्क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रास्ता बनाना

*291. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत के० नगर प्रखण्ड अधीन गोआसी महादलित टोला वासी को आवागमन हेतु रास्ता नहीं होने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार गोआसी महादलित टोला वासी को आवागमन हेतु जमीन अधिगृहित कर रास्ता बनाने का विचार रखती है ?

---

सड़क एवं नाला का निर्माण

*292. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्या द्वारा दिनांक 3 जुलाई, 2017 को पटना दानापुर अनुमंडल के अधीन आर०पी०एस० अभियंत्रण महाविद्यालय से खगौल सड़क तक जानेवाली सड़क के बीच मुंडेश्वरी आपर्टमेंट से काली मंदिर तक सड़क एवं नाला के निर्माण हेतु मंत्री को पत्र दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक 804, दिनांक 3 जुलाई, 2017 के द्वारा उक्त सड़क का पी०सी०सी० एवं नाला निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार कर विहित प्रक्रियानुरूप प्रस्ताव विभाग को भेजने हेतु कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद्, दानापुर से माँग की गयी है, जिसपर आजतक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है, जिसके कारण श्रद्धालुओं को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का पी०सी०सी० एवं नाला निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य एवं कार्रवाई करना

*293. श्री अत्रि मुनि उर्फ शक्ति सिंह यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 19 दिसम्बर, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''15 वर्षों में अवैध भवनों के 3,500 मामले, 929 का ही निबटारा'' को ध्यान में रखते हुए, क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना शहर में अवैध भवन निर्माण के 3,500 मामले कार्रवाई हेतु लम्बित है तथा मात्र 925 का ही अभीतक निबटारा हुआ है, परन्तु आदेश का अनुपालन नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार इसकी जाँच कर दोषी के विरूद्ध कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*294. श्रीमती कुंती देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत मोहड़ा प्रखंड के ग्राम-धूरे परसा, पुरैनी और नीमा में चापाकल अधिष्ठापित करने हेतु वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रश्नकर्ता द्वारा अनुशंसा की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त चापाकलों को अधिष्ठापित करने में संवेदक द्वारा प्राक्कलन के विरूद्ध कम गहराई एंव घटिया स्तर की सामग्री की आपूर्ति की गई है तथा संवेदक द्वारा गलत मापी जमा कर पूरा भुगतान प्राप्त किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*295. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत नगर पंचायत बखरी, वार्ड नं0 16 में मुख्य सड़क से सटे आशा पोखर अवस्थित है जो काफी घनी आबादी के मध्य है साथ ही प्रखंड मुख्यालय एवं अनुमंडल मुख्यालय आने-जाने का महत्वपूर्ण सड़क भी इस पोखर से सटे हैं जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, यदि हाँ, तो सरकार आशा पोखर के चारो तरफ चहारदीवारी निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*296. श्री ललित कुमार यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 16 जनवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''बेगूसराय में राज्य खाद्य निगम में साढ़े चार करोड़ का घोटाला'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के बेगूसराय जिले में चार करोड़ 35 लाख 41 हजार 849 रुपये का घोटाला राज्य खाद्य निगम के बाजार समिति गोदाम में हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार राज्य के सभी जिलों में राज्य खाद्य निगम के घोटालों की जाँच कराकर सभी दोषी पदाधिकारियों पर समुचित कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*297. श्री जयवर्धन यादव उर्फ बच्चा यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दुल्हिन बाजार प्रखंड के राजीपुर पंचायत अन्तर्गत ग्राम-राजीपुर एवं ग्राम-हरिरामपुर में पशु चिकित्सालय भवन की स्थिति काफी जर्जर रहने एवं चिकित्सक एवं अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति नहीं रहने के कारण पशुओं का देख-रेख नहीं हो पाता है जिसके कारण आमजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपरोक्त दोनों पशु चिकित्सालय भवनों का नये सिरे से जीर्णोद्धार कराने तथा चिकित्सकों एवं अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वासगीत पर्चा उपलब्ध कराना

*298. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार भूमिहीन महादलित एवं दलित परिवारों को बसाने के लिये पाँच डीसमील जमीन देने का निर्णय चार वर्ष पूर्व ले चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं0-01, मोहल्ला अलीनगर में रहने वाले (1) गीता देवी, पति स्व0 जीवछ पासवान (2) मुन्नी देवी, पति विपत पासवान (3) राधा देवी, पति रीतलाल दास (4) सुनैना देवी, पति मोहन दास (5) निर्मला देवी, पति मन्टू चौपाल (6) पच्चू महतो, पिता श्री चन महतो (7) गणेश चौपाल, पिता गुणेश्वर चौपाल समेत 50 दलित एवं महादलित परिवार पिछले 50 वर्षों से रहते आ रहे हैं लेकिन उनको उक्त जमीन का वासगीत पर्चा सरकार द्वारा अबतक उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित दलित एवं महादलित परिवारों को वासगीत पर्चा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*299. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के फलका प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत भंगहा के कॉपरेटिव गोदाम का चहारदीवारी नहीं है तथा गोदाम का अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गोदाम का अतिक्रमण मुक्त कर कबतक चहारदीवारी का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सम्पर्क सड़क उपलब्ध कराना

*300. श्री (डॉ0) अब्दुल गफुर--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सतर कटैया अंचल के मौजा गोवर गढ़ा वार्ड नं0 9 में पासवान टोला के महेन्द्र पासवान एवं सतो पासवान सहित 110 परिवार एवं इसी मौजा के वार्ड नं0 10 के दलित टोला कुदन दास व भोला दास सहित 80 परिवार को सम्पर्क सड़क की सुविधा नहीं रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों टोलों के लोगों को आवागमन की सुविधा हेतु कबतक सम्पर्क सड़क उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का कालीकरण कराना

*301. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ नगर निगम के वार्ड संख्या 43 का सतडोव बेलौरी से पूर्णियाँ बायपास एन0 एच0 31 को जोड़ने वाली सड़क कच्ची है जिस कारण उक्त कच्ची सड़क पर आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार बेलौरी बायपास सड़क का कबतक कालीकरण कराने का विचार रखती है ?

--------

भूमि उपलब्ध कराना

*302. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर अंचल में अभियान रैन बसेरा के तहत पाँच डीसमील जमीन उपलब्ध कराने हेतु 8,783 आवेदकों ने दिनांक 6 अप्रील, 2016 तक अंचलाधिकारी को आवेदन दिया है परन्तु आजतक अंचलाधिकारी, मधेपुर ने किसी आवेदनकर्ता का जमीन उपलब्ध नहीं कराया है, यदि हाँ, तो सरकार आवेदनकर्ताओं को कबतक भूमि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

खतियान का वितरण

*303. श्री (डॉ०) अशोक कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत तत्कालीन रोसड़ा नगरपालिका का वर्ष 1985--87 ई० एवं 1989 में विभिन्न चरणों में शहर के कुल 14 वार्डों का रिभियूनल सर्वे कार्य सम्पन्न हुआ था;

(2) क्या बात सही है कि नवम्बर, 2008 में वार्ड संख्या 1, 2, 3, 7, 8, 10, 11 एवं 14 का खतियान वितरण किया गया था;

(3) क्या यह बात सही है कि कुल 14 वार्डों में से शेष बचे वार्ड संख्या 4, 5, 6, 9, 12 एवं 13 का खतियान अबतक वितरण नहीं किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष बचे वार्डों का खतियान वितरण कार्य करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

राजस्व अंचल की स्थापना

*304. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के भागलपुर नगर निगम का सम्पूर्ण क्षेत्र जगदीशपुर राजस्व अंचल के अन्तर्गत है जो शहर से 18 कि०मी० दूर है, जिसके कारण शहरवासियों को भू-लगान संबंधी एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिये लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार भागलपुर नगर निगम क्षेत्र के लिये कबतक एक स्वतंत्र राजस्व अंचल की स्थापना की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सालय स्थापित करना

*305. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत खानपुर प्रखंड मुख्यालय में पशु चिकित्सालय के नहीं रहने के वजह से स्थानीय पशुपालकों को पशुओं के ससमय इलाज में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पशुओं के इलाज की चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था हेतु पशु चिकित्सालय स्थापित करने का विचार रखती है ?

---------

भुगतान करना

*306. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में 2015 के खरीफ फसल बीमा का भुगतान अभीतक नहीं होने से किसानों को काफी आर्थिक परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार पूर्वी चम्पारण के किसानों का फसल बीमा का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पशु चिकित्सालय का निर्माण

*307. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत शिवाजीनगर प्रखंड मुख्यालय में पशु चिकित्सालय के नहीं रहने की वजह से पशुओं का ससमय इलाज नहीं हो पाता है, जिससे स्थानीय पशुपालकों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पशुओं के ससमय इलाज हेतु पशु चिकित्सालय स्थापित करने का विचार रखती है ?

---------

## औचित्य बताना

*308. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेतिया जिले के रामनगर प्रखंड अन्तर्गत तौलाहा पंचायत में तौलाहा से दिउलिया की दूरी तीन किलो मीटर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत अन्तर्गत जन-वितरण प्रणाली की दुकान दिउलिया में ही है;

(3) क्या यह बात सही है कि तौलाहा के लोगों को तीन किलो मीटर की दूरी तयकर अपना अनाज तौलाहा लाना पड़ता है, जिसके कारण हर महीने आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

## पदस्थापन करना

*309. श्री (डॉ०) अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत नवहट्टा, सत्तर कटैया एवं महिषी प्रखंडों में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं रहने के कारण विभाग का कार्य सुचारू रूप से नहीं चल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त तीनों प्रखंडों में कबतक प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का पदस्थापन करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## औचित्य बताना

*310. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत वर्ष 2017 में दुधारू पशु खरीद हेतु चयनित किसानों को विभाग द्वारा ऋण दी गयी है, परन्तु अबतक सब्सिडी की राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

## पाइप लगाना

*311. श्री (डॉ०) रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखण्डान्तर्गत लालू पथ, मुहल्ला गोरंगपुर में ब्रह्म स्थान से लेकर सुशीला देवी के मकान तक का पी०सी०सी० पथ में ह्यूम पाइप के अभाव में नाले का पानी जल-जमाव का रूप ले लेता है, जिससे आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त समस्या से निजात दिलाने हेतु ह्यूम पाइप लगाने का का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## भूमि उपलब्ध कराना

*312. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखण्ड में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना हेतु 3 एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध कराने हेतु समाहर्ता, सीतामढ़ी के पत्रांक 1713, दिनांक 14 अक्तूबर, 2017 द्वारा अंचल अधिकारी, बेलसंड को पत्र लिखा गया है, लेकिन आजतक भूमि उपलब्ध नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के लिये कबतक भूमि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## नाला का निर्माण

*313. श्री (डॉ०) राजेश कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखण्ड के वार्ड नं० 6 के शिवजी प्रसाद के मकान से केदार प्रसाद के मकान तक नाला नहीं होने के कारण उक्त वार्ड में आम जनता को घर का गंदा पानी की निकासी में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर नाला बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## अतिक्रमण से मुक्त कराना

*314. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड सुगौली के पंजिअरवा पंचायत में पंजिअरवा सरकारी पोखरा के भिन्ड को कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जिस कारण स्थानीय लोगों में तनाव व्याप्त हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार पंजिअरवा सरकारी पोखरा के भिन्डा जमीन पर हुये अतिक्रमण को कबतक हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## जमीन उपलब्ध कराना

*315. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी नियमानुसार बिहार में भूमिहीन परिवारों को 3 डीसमील जमीन हेतु देने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत जगदीशपुर प्रखण्ड एवं पीरो प्रखण्ड में अभीतक भूमिहीनों को जमीन आवंटित नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जगदीशपुर प्रखण्ड एवं पीरो प्रखण्डों में 3 डी० जमीन कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला निर्माण

*316. श्री वशिष्ठ सिंह क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नगर पंचायत कोचस में पानी की निकासी नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में जल जमाव होने के कारण ग्रामीणों एवं दुकानदारों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार नगर पंचायत कोचस में पानी निकासी के लिये कबतक नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रोजगार दिलाना

*317. श्री राजेश कुमार क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा बेरोजगारों को गो पालन प्रशिक्षण सह रोजगार, मत्स्य पालन प्रशिक्षण सह रोजगार एवं कुक्कुट पालन प्रशिक्षण सह रोजगार योजना चलायी गयी है, परन्तु कुटुम्बा विधान सभा क्षेत्र के किसी भी बेरोजगार को उक्त योजना के तहत प्रशिक्षित कर रोजगार मुहैया नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वहाँ के बेरोजगारों को उक्त योजना के तहत प्रशिक्षित कर रोजगार मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जलमीनार का निर्माण

*318. श्री महेश्वर प्रसाद यादव क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बन्दरा प्रखण्ड मुख्यालय पर स्थित जलमीनार का उद्घाटन तत्कालीन विभागीय मंत्री द्वारा दिनांक 11 फरवरी, 2004 को किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उद्घाटन के दिन से ही जलापूर्ति के पाइप के फूट जाने के कारण लोगों को पेयजल अभीतक प्राप्त नहीं हो पाया है;

(3) क्या यह बात सही है कि जलमीनार से जलापूर्ति कार्य बन्द होने के कारण उक्त पंचायत में नल जल योजना का कार्य प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जलमीनार के अधूरे कार्य को पूरा कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## कोल्ड स्टोर का निर्माण

*319. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिले के लखनौर प्रखण्ड में सब्जी उत्पादक किसानों को एक भी कोल्ड स्टोर नहीं होने के कारण सब्जी संग्रहण में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार सब्जी उत्पादक किसानों के लिये लखनौर में कबतक एक कोल्ड स्टोर का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## कार्रवाई करना

*320. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के सहदेई बजुर्ग प्रखण्ड अन्तर्गत सुल्तानपुर पंचायत के वार्ड नं०, 1 सोनबरसा ग्राम में दुग्ध शीत केन्द्र की स्थापना 15 वर्ष पूर्व की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि 2 वर्ष पूर्व इस शीत केन्द्र में 10 हजार लीटर की क्षमता का प्लांट भी लगाया गया है, परन्तु विभागीय पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण आजतक इस शीत केन्द्र को चालू नहीं कराया गया है, जिससे क्षेत्र की जनता में असंतोष व्याप्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त शीत केन्द्र को चालू नहीं कराने के लिये दोषियों पर कार्रवाई करते हुये शीत केन्द्र को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## निर्माण करना

*321. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत महनार नगर पंचायत में बाबा गणीनाथ मंदिर है;

(2) क्या यह बात सही है कि महनार बाजार गंगा घाट पर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु का आवागमन स्नान करने के लिये होता है, परन्तु गंगा घाट जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिसके कारण श्रद्धालुओं को काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महनार बाजार गंगा घाट का सौन्दर्यीकरण, सीढ़ी निर्माण तथा पार्क निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## कम्पनी को दण्डित करना

*322. श्री अजीत शर्मा-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के भागलपुर में जलापूर्ति योजना हेतु संवेदक कम्पनी पैन इण्डिया इंफ्राप्रोजेक्ट प्रा०लि० कम्पनी, बुडको के द्वारा किये गये एकरारनामा के अनुसार कार्य कर रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि कम्पनी को प्रथम चरण में कुल 460 कि०मी० पाइप लाइन बिछाना था, जिसमें से कम्पनी द्वारा अबतक मात्र 84 कि०मी० ही पाइप लाइन बिछा पाई है;

(3) क्या यह सही नहीं है कि कम्पनी को कुल 19 जलमीनारों (OHSR) का निर्माण करना था जिसमें से मात्र 7 स्थानों पर कार्य प्रारम्भ हुआ है;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो एकरारनामा के अनुरूप कार्य कराने एवं वर्णित कम्पनी को दण्डित करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---------

## जाँच कराना

*323. श्री सरोज यादव-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा प्रखंड के पूर्वी बबुरा पंचायत के ग्राम-फुहां में बिना शौचालय निर्माण किये ही वर्ष 2011 में शौचालय निर्माण की राशि गबन कर ली गई है, यदि हाँ, तो इसकी जाँच कराने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

----------

## पशु चिकित्सालय का निर्माण

*324. श्री लक्ष्मेश्वर राय-- क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखण्ड के सैनी चौक एवं बेलहा ग्राम में पशु चिकित्सालय नहीं रहने के कारण 12 हजार पशुपालकों को पशुओं की चिकित्सा कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थलों में पशु चिकित्सालय खोलने का विचार रखती है ?

----------

## पेयजल उपलब्ध कराना

*325. श्री उपेन्द्र पासवान-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत नगर पंचायत बखरी में वार्ड नं० 5, 8, 17, 18 में अवस्थित पानी टंकी अपनी स्थापनाकाल से ही बंद पड़ा है तथा पाइप लाइन का बिछाव सही ढ़ंग से नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार बखरी नगर पंचायत के उक्त वार्ड में अवस्थित पानी टंकी चालू कर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पशु चिकित्सा पदा० की नियुक्ति

*326. श्री मुजाहिद आलम- क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखण्ड के बिशनपुर में प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदा० का पद रिक्त रहने के कारण क्षेत्र के पशुपालकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय, बिशनपुर में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदा० के रिक्त पद को कबतक भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

शौचालय का निर्माण

*327. श्री सुधांशु शेखर- -क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिले के उमगाँव प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बाजार में शौचालय नहीं रहने के कारण लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं, यदि हाँ, तो सरकार उमगाँव बाजार में कबतक शौचालय निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

औचित्य बताना

*328. श्री प्रभुनाथ प्रसाद- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखण्ड के काऊप पंचायत के ग्राम रेवढ़ी एवं बाल बाँध में अभीतक शुद्ध पेयजल हेतु हर घर नल का जल के तहत कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

पटना:
दिनांक 1 मार्च, 2018 (ई०) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

----------

बि०स०मु० (एल०ए०), 96-डी०टी०पी०-550